नई दिल्ली, शुक्रवार
14 दिसंबर 2018
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+8=26

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

एलजी ने गठित किया पीसीए, दिल्ली सरकार हुई नाराज 5
सोमवीर के साथ परिणय सूत्र में बंधीं ओलंपियन विनेश 11

सेंसेक्स	सराफा मूल्य (₹) दिल्ली के भाव		डॉलर ($)
150.57 ↑	सोना 10 ग्राम ↓	चांदी 1 किलो ↑	0.33 ↓
35,929.64	32,220	38,800	₹71.68

उप्र में 4000 करोड़ निवेश करेगी वीवो

नई दिल्ली, प्रेट्र : चीन की मोबाइल हैंडसेट निर्माता कंपनी वीवो ने कहा है कि वह उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में एक नई उत्पादन इकाई लगाएगी। अगले चार साल में कंपनी इस पर 4,000 करोड़ निवेश करेगी। भारतीय बाजार में सैमसंग और शाओमी समेत तमाम कंपनियों से टक्कर ले रही वीवी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के निकट यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में 169 एकड़ जमीन अधिग्रहीत की है। कंपनी ने एक बयान में कहा है कि नया प्लांट ग्रेटर नोएडा में उसके मौजूदा 50 एकड़ वाले प्लांट के नजदीक ही होगा। एक और प्लांट चालू होने से कंपनी को भारत में अपना कारोबार फैलाने में मदद मिलेगी।

वीवो इंडिया के डायरेक्टर (ब्रांड स्ट्रैटजी) निपुण मारया ने कहा कि कंपनी ने भारत में प्रोडक्ट इनोवेशन, फोकस और उपभोक्ताओं के लिए वैल्यू की प्रतिबद्धता के साथ 2014 में प्रवेश किया था। भारत हमारे लिए अहम बाजार है। कंपनी के इस फैसले से अगर चरण के लिए हमारी प्रतिबद्धता जाहिर होती है।